# 9 साल के बच्चे की हत्या, तीन थानों की खींचतान में गई जान

## घर के बाहर खेलते समय लापता हुआ था बच्चा, तीन दिन बाद खाली प्लॉट से मिला शव

लक्की मेहता/ राहुल | लुधियाना
समर न्यूज़



मृतक बच्चा अमन। (दाएं) मृतक बच्चे का परिवार विलाप करते हुए। -समर न्यूज़

कासाबाद क्षेत्र से दो दिन पहले लापता हुए 9 वर्षीय गौरव का शव शनिवार शाम को झाड़ियों के पीछे मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गौरव दो बहनों का इकलौता भाई था और खेलते समय घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अगर समय रहते शिकायत दर्ज कर ली जाती, तो शायद बच्चे की जान बचाई जा सकती थी। मृतक के पिता अखिलेश ने बताया कि गौरव रोज़ की तरह खेलते हुए घर से बाहर गया था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आया। इसके बाद परिवार ने उसे आसपास के इलाकों में तलाशना शुरू किया। जब कोई सुराग नहीं मिला तो वे देर शाम शिकायत लेकर थाना सलेम टाबरी पहुंचे। आरोप है कि वहां मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने यह कहकर शिकायत लेने से इनकार कर दिया कि यह इलाका उनके थाने की सीमा में नहीं आता।

इसके बाद परिजन थाना बस्ती जोधेवाल और फिर मेहरबान थाना पहुंचे, लेकिन वहां भी हदबंदी का हवाला देकर शिकायत दर्ज नहीं की गई। अखिलेश का कहना है कि लगातार दो दिन तक वे थानों के चक्कर काटते रहे, लेकिन किसी ने भी गंभीरता नहीं दिखाई। इस दौरान बच्चा लापता ही रहा और परिवार दर-दर भटकता रहा।

**सड़क पर धरना, कई किलोमीटर तक लगा जाम**

पुलिस की अनदेखी से आहत परिवार शनिवार दोपहर को काराबारा चौक पहुंचा और सड़क पर धरना देने के लिए मजबूर हो गया। धरने के कारण इलाके में कई किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई। करीब एक घंटे बाद थाना सुंदर नगर और थाना सलेम टाबरी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना समाप्त कराया गया। इसके बाद सलेम टाबरी थाना प्रभारी हर्षवीर सिंह संधू ने परिजनों को थाने बुलाया और बताया कि देर शाम शिकायत दर्ज कर ली गई है तथा जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**पड़ोसी ने झाड़ियों में देखा शव**

धरना खत्म होने के कुछ ही समय बाद कासाबाद निवासी और परिजनों के पड़ोसी योगेश कुमार ने इलाके में झाड़ियों के पीछे एक शव पड़ा देखा। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी। जब शव की शिनाख्त की गई तो वह लापता बच्चे गौरव का ही निकला। यह खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया और आसपास के इलाके को सील कर दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के कारणों का पता लगाया जा सके।

**परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप**

मृतक के पिता अखिलेश ने पुलिस प्रशासन पर सीधे तौर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अगर पहले दिन ही उनकी शिकायत दर्ज कर ली जाती और सर्च ऑपरेशन शुरू हो जाता, तो शायद उनका बेटा आज जिंदा होता। उन्होंने दोषी पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। परिवार और स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि थानों की हदबंदी के चक्कर में आम जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा और इसका खामियाजा मासूमों को भुगतना पड़ रहा है।

**पुलिस का बयान**

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि शिकायत दर्ज करने में देरी क्यों हुई और इसमें किस स्तर पर लापरवाही बरती गई। फिलहाल इलाके में तनाव का माहौल है और पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। मासूम गौरव की मौत ने एक बार फिर पुलिस व्यवस्था और संवेदनशीलता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# फेसबुक लाइव विवाद पार्षद सहित दो पर केस

राहुल शर्मा | लुधियाना
समर न्यूज़

जमालपुर निवासी शिकायतकर्ता इंद्रदीप सिंह मिंकु ने थाना मोती नगर में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया गया कि साहब राजपूत और पार्षद गौरव भट्टी ने फेसबुक पर लाइव होकर उनकी छवि खराब की है। शिकायतकर्ता के अनुसार सरकार की सेहत कार्ड योजना के तहत मशीनें दी गई थीं, जिसे लेकर फेसबुक लाइव में उन पर गलत आरोप लगाए गए। आरोप है कि लाइव वीडियो में कहा गया कि भेजे गए परिचय में हिस्सा मांगा गया, जिससे उनकी सामाजिक छवि को नुकसान पहुंचा। मामले की जांच के बाद थाना प्रभारी प्रमुख इंस्पेक्टर परमदीप सिंह ने साहब राजपूत और पार्षद गौरव भट्टी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

# स्कूल ऑफ एमिनेंस से शिक्षा में बदलाव

## पंजाब सरकार के सुधारों का दिखा असर

समर न्यूज़ | लुधियाना



पंजाब ने शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में पहला स्थान हासिल कर एक नई मिसाल कायम की है। यह दावा कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने खन्ना स्थित किशोरी लाल जेठी (लड़कियां) स्कूल ऑफ एमिनेंस में आयोजित पेरेंट-टीचर वर्कशॉप-2 के दौरान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा क्रांति के सकारात्मक प्रभाव के चलते करीब 80 हजार विद्यार्थियों ने निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूलों में दाखिला लिया है, जो पंजाब सरकार की नीतियों पर बढ़ते भरोसे का प्रमाण है।

मंत्री सोंद ने कहा कि बच्चों की परीक्षा तैयारी केवल स्कूल की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि घर और स्कूल की साझा भागीदारी से ही बेहतर परिणाम सामने आते हैं। अभिभावकों की सक्रिय भूमिका बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाती है और उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है।

इसी कड़ी में कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने लुधियाना के जमालपुर अवाणा स्थित सरकारी स्कूल में आयोजित अभिभावक-शिक्षक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में बनी पंजाब सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल ऑफ एमिनेंस को स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक लैब, बहु-खेल मैदान, लाइब्रेरी, सीसीटीवी, स्वच्छ शौचालय और शुद्ध पेयजल जैसी विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। मंत्री मुंडियां ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण, एक्सपोजर टूर और बिजनेस ब्लास्टर्स जैसे कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। साथ ही शिक्षकों और प्राचार्यों को विदेशों में उन्नत प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों का असर सरकारी स्कूलों में बढ़ते दाखिलों के रूप में साफ दिखाई दे रहा है और सरकारी स्कूल अब अभिभावकों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं।

# मां बगलामुखी धाम में 243 घंटे का महायज्ञ

## विश्व शांति, जनकल्याण और सामाजिक समरसता को समर्पित धार्मिक आयोजन


महायज्ञ में आहुति डालते हुए। -समर न्यूज़


मां बगलामुखी समागम के लिए निमंत्रण पत्र देते हुए। -समर न्यूज़

आकाश मांडी | लुधियाना
समर न्यूज़

लुधियाना के पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में 11 से 21 फरवरी 2026 तक 243 घंटे का विशाल अखंड महायज्ञ श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में आयोजित किया जा रहा है। आयोजकों के अनुसार, पिछले वर्ष 225 घंटे चले महायज्ञ की तुलना में इस बार अवधि बढ़ाई गई है, जिसे लेकर देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सुनील हांडा ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष कराया जाता है और हर साल इसकी अवधि में वृद्धि की जाती है। उन्होंने कहा कि महायज्ञ का आयोजन महंत प्रवीन चौधरी के मार्गदर्शन में होता है, जिनके प्रयासों से यह धाम आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। आयोजकों के मुताबिक, मान्यता है कि सच्चे मन से आहुति देने और मां बगलामुखी के चरणों में नतमस्तक होने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन विधिवत पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चारण, हवन और भजन-कीर्तन किए जा रहे हैं, जिससे परिसर भक्तिमय बना हुआ है। वक्ताओं ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विश्व शांति, जनकल्याण, सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करना है।

धाम ट्रस्ट की स्थापना वर्ष 2014 में महंत प्रवीन चौधरी और सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी मनप्रीत सिंह छतवाल द्वारा 72 घंटे के अखंड महायज्ञ के माध्यम से की गई थी। ट्रस्ट समय-समय पर रक्तदान शिविर, जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में सहयोग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की बेटियों के विवाह में सहायता जैसे कार्य करता रहा है। भविष्य में संस्कृत पाठशाला शुरू करने और सस्ती चिकित्सा सुविधा के लिए अस्पताल निर्माण की योजना भी प्रस्तावित है। आयोजकों ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पावन आयोजन का हिस्सा बनें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नशा करते युवक को काबू किया

समर न्यूज़ | राहुल शर्मा | लुधियाना : थाना डिवीजन नंबर-4 के अंतर्गत पड़ते छोटी दृष्टी इलाके में पुलिस ने एक युवक को नशा करते हुए काबू किया है। पुलिस को मुखबिर खास से सूचना मिली थी कि एक युवक सार्वजनिक स्थान पर बैठकर नशा कर रहा है। सूचना के आधार पर जब जांच अधिकारी हरदीप सिंह मौके पर पहुंचे तो युवक नशा करता हुआ मिला। तलाशी के दौरान युवक से 10 का नोट, एक पानी की बोतल और एक लाइटर बरामद किया गया। आरोपी की पहचान साहिल नंदा पुत्र कमलजीत सिंह, निवासी वाशी, नजदीक सीएचसी हॉस्पिटल लुधियाना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बुज़ुर्ग से नकदी और मोबाइल छीना

समर न्यूज़ | राहुल शर्मा | लुधियाना : शिवपुरी निवासी अखिल शर्मा ने बताया कि बीते दिनों उनके पिता विनोद कुमार सुबह काम के लिए घंटाघर चौक जा रहे थे। जब वह सोनू किरयाना स्टोर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए तीन हमलावरों ने उनके साथ मारपीट की। हमलावरों ने विनोद कुमार से करीब 4000 नकद और एक मोबाइल फोन छीन लिया और मौके से फरार हो गए। थाना डिवीजन नंबर-4 के जांच अधिकारी कुलविंदर सिंह ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। इलाके में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

### चाइना डोर पर सख्त कानून की मांग

समर न्यूज़ | समराला : समराला में भारतीय किसान यूनियन (कादियां) की ओर से किसान पंचायत आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। प्रदेश प्रधान हरमीत सिंह कादियां ने चाइना डोर पर पूर्ण प्रतिबंध और सख्त कानून की मांग करते हुए कहा कि इससे लगातार हादसे हो रहे हैं। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को जागरूक करने की अपील की। कादियां ने बताया कि पंचायतों की शुरुआत फिरोजपुर से हुई थी और आगे पूरे पंजाब में ऐसे आयोजन होंगे। उन्होंने नकली दूध के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भी आह्वान किया। किसानों से जुड़े अन्य मुद्दों पर चर्चा कर समाधान के लिए टीमें गठित करने की घोषणा की गई।

# खालसा कॉलेज में एलुमनी मीट

हरजीत काका | लुधियाना, समर न्यूज़ | लुधियाना के सिविल लाइंस स्थित खालसा कॉलेज फॉर वुमेन में पूर्व छात्राओं के साथ एक भव्य एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को "संगली सांझा" नाम दिया गया, जिसमें कॉलेज की 40 से 50 वर्ष पुरानी पूर्व छात्राओं सहित हजारों की संख्या में छात्राओं ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। एलुमनी मीट में पहुंचीं पूर्व छात्राओं ने कॉलेज परिसर में कदम रखते ही अपने पुराने दिनों की यादों को ताजा किया और भावुक नजर आईं। मीट ने कॉलेज के गौरवशाली इतिहास और परंपराओं को भी नई ऊर्जा दी।

# 19वें किसान मेले का हुआ आगाज

## देश-विदेश के किसानों की उमड़ी भीड़

राज बब्बर | जगराओं
समर न्यूज़



प्रोग्रेसिव डेयरी फार्मर्स एसोसिएशन (PDFA) की ओर से आज जगरांव के पशु बाजार में झंडा फहराकर 19वें किसान मेले का भव्य उद्घाटन किया गया। इस मौके पर PDFA के प्रेसिडेंट दलजीत सिंह सदरपुरा, मिल्कफेड के पूर्व एमडी कमलजीत सिंह संघा, किसान आयोग के सदस्य बलविंदर सिंह सिद्धू सहित PDFA के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने किसान मेले की शुरुआत पर किसानों को बधाई दी।तीन दिन तक चलने वाले इस किसान मेले में खेती-बाड़ी और डेयरी फार्मिंग से जुड़ी 400 से अधिक कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए हैं, जहां किसानों को आधुनिक तकनीक, नस्ल सुधार, पशु आहार और डेयरी से जुड़े नए प्रयोगों की जानकारी दी जा रही है। मेले के पहले ही दिन पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम से हजारों किसान और दूध उत्पादन से जुड़े लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। इस अवसर पर PDFA के प्रेसिडेंट दलजीत सिंह सदरपुरा ने कहा कि यह किसान मेला 18 साल पहले पंजाब में व्हाइट रेवोल्यूशन लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। आज 19वें मेले में पहुंचकर उन्हें संतोष है कि पंजाब के किसानों ने धान-गेहूं की खेती के साथ-साथ डेयरी फार्मिंग को भी मुख्य व्यवसाय के रूप में अपनाया है। उन्होंने बताया कि मेले के अंतिम दिन दूध देने की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनाम स्वरूप फार्मट्रैक कंपनी का एक ट्रैक्टर दिया जाएगा, जबकि अन्य किसानों को 6 बुलेट मोटरसाइकिलें पुरस्कार के रूप में दी जाएंगी। फार्मट्रैक एजेंसी के मालिक सरपंच हरप्रीत सिंह पोना ने कहा कि PDFA की किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की सोच को देखते हुए वे भी इस मुहिम में साथ खड़े हैं। PDFA के प्रेस सेक्रेटरी रेशम सिंह भुल्लर ने कहा कि एसोसिएशन की 18 साल की मेहनत से नस्ल सुधार में क्रांति आई है, जिसके चलते पंजाब के डेयरी किसानों की देश-विदेश में अलग पहचान बनी है। इस मौके पर पूर्व डायरेक्टर डेयरी इंदरजीत सिंह सरां, बलवीर सिंह नवांशहर, राजपाल सिंह कुलार, रणजीत सिंह लंघेआना, कुलदीप सिंह मानसा, परमिंदर सिंह घुदानी सहित PDFA के कई वरिष्ठ सदस्य और किसान नेता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## नगर निगम जनरल हाउस की बैठक 9 को

# 1200 करोड़ के कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट पर होगी चर्चा

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज़

नगर निगम लुधियाना की जनरल हाउस बैठक सोमवार 9 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे गुरु नानक देव भवन में आयोजित की जाएगी। इस बैठक को शहर के प्रशासनिक और पर्यावरणीय भविष्य के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। बैठक में कुल 8 प्रमुख एजेंडों पर चर्चा की जाएगी, जिनमें कर्मचारियों के तबादले, नई भर्तियां, नए पदों का सृजन और सबसे अहम ठोस कचरा प्रबंधन से जुड़ा मेगा प्रोजेक्ट शामिल है। नगर निगम प्रशासन ने सभी पार्षदों और संबंधित अधिकारियों से समय पर बैठक में पहुंचने की अपील की है। बैठक की शुरुआत पिछली जनरल हाउस बैठक की कार्यवाही को मंजूरी देने से होगी। 26 दिसंबर 2025 को हुई बैठक की कार्यवाही को हाउस के समक्ष अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। इसके साथ ही उस बैठक में पेश किए गए दो प्रस्तावों को भी विचार-विमर्श के बाद मंजूरी दी जाएगी। इसके बाद 5 जनवरी 2026 से 5 फरवरी 2026 के बीच नगर निगम की विभिन्न समितियों और बैठकों में लिए गए निर्णयों की कार्यवाही को भी स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।

**ठोस कचरा प्रबंधन पर मेगा प्रोजेक्ट**

इस जनरल हाउस बैठक का सबसे बड़ा और अहम एजेंडा नगर निगम लुधियाना में इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम को लागू करने से जुड़ा है। यह प्रोजेक्ट पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत लागू करने का प्रस्ताव है। योजना के अनुसार, शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग और डिस्पोजल को एकीकृत रूप से संचालित किया जाएगा। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट पर हर साल करीब 140 से 150 करोड़ रुपये का खर्च आने का अनुमान है, जबकि 8 वर्षों में कुल लागत लगभग 1100 से 1200 करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। वित्त एवं ठेका समिति इस प्रस्ताव को पहले ही मंजूरी दे चुकी है और अब इसे जनरल हाउस में अंतिम स्वीकृति के लिए पेश किया जाएगा। यदि यह प्रस्ताव पास हो जाता है, तो शहर की सफाई व्यवस्था में बड़े स्तर पर बदलाव देखने को मिल सकता है।

नगर निगम के सूत्रों का कहना है कि 9 फरवरी की यह जनरल हाउस बैठक शहर के प्रशासनिक ढांचे, कर्मचारियों की स्थिति और पर्यावरण सुधार के लिहाज से कई बड़े फैसलों की गवाह बन सकती है। सभी की नजरें खासतौर पर ठोस कचरा प्रबंधन से जुड़े इस मेगा प्रोजेक्ट पर टिकी हुई हैं।

## एक्सपो

## लुधियाना में दूसरे दिन रिकॉर्ड कारोबार, ट्रेड खरीदारों से भरे हॉल, कुलवंत सिंह सिद्धू ने किया दौरा

# राइडइंडिया एक्सपो के दूसरे दिन लुधियाना में कारोबार ने पकड़ी रफ्तार

रविंदर | लुधियाना
समर न्यूज़






राइडइंडिया एक्सपो के दूसरे दिन कारोबार में जबरदस्त तेज़ी देखने को मिली। एग्ज़िबिशन हॉल पूरे इलाके से आए डीलरों, डिस्ट्रीब्यूटरों, रिटेलरों और गंभीर ट्रेड खरीदारों से खचाखच भरे रहे। लगातार हो रही विज़िट और विज़िटर्स की खास प्रोफाइल ने दिन को बेहद प्रोडक्टिव बना दिया, जिससे राइडइंडिया ने खुद को साइकिलिंग और मोबिलिटी इंडस्ट्री के लिए एक प्रमुख ट्रेड प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित कर लिया।

एक्सपो को उस समय और गति मिली जब लुधियाना के आत्म नगर से विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू ने आयोजन स्थल का दौरा किया। उन्होंने एक्सपो में प्रदर्शित विभिन्न ब्रांड्स, इनोवेशन और लेटेस्ट प्रोडक्ट्स का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने लुधियाना में एक वर्ल्ड-क्लास, इंडस्ट्री-फोकस्ड एक्सपो के सफल आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की और कहा कि ऐसे मंच पंजाब में मैन्युफैक्चरिंग, बिजनेस डेवलपमेंट और उद्यमिता को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। विभिन्न श्रेणियों के एग्ज़िबिटर्स ने विज़िटर्स की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि राइडइंडिया ने वास्तविक खरीदारों और निर्णय लेने वाले लोगों को आकर्षित किया है। इससे न सिर्फ सार्थक व्यावसायिक चर्चाएं हुईं, बल्कि पूछताछ और ऑर्डर मिलने की संभावनाएं भी काफी बढ़ीं। कई प्रदर्शकों ने कहा कि एक्सपो उनकी उम्मीदों से कहीं बेहतर रहा और उन्होंने लुधियाना में एक सुव्यवस्थित, व्यवसाय-केंद्रित प्रदर्शनी आयोजित करने के लिए आयोजकों का आभार जताया। एक्सपो को मिल रही शानदार प्रतिक्रिया पर पद्म एस. ओंकार सिंह पाहवा ने कहा कि दूसरे दिन मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया राइडइंडिया पर उद्योग के भरोसे को दर्शाती है। हमारा उद्देश्य शुरू से ही एक ऐसा परिणाम-उन्मुख मंच तैयार करना था, जहां प्रदर्शक गंभीर खरीदारों से सीधे जुड़ सकें, और यह उद्देश्य सफल होता दिख रहा है। लुधियाना ने एक बार फिर साइकिलिंग और मोबिलिटी उद्योग के केंद्र के रूप में अपनी मजबूती साबित की है।" मजबूत एग्ज़िबिटर कॉन्फिडेंस, लगातार बायर एंगेजमेंट और ऊर्जावान कारोबारी माहौल के साथ राइडइंडिया एक्सपो तेजी से साइकिलिंग और मोबिलिटी सेक्टर के एक महत्वपूर्ण इवेंट के रूप में उभर रहा है। यहां विज़िटर्स लेटेस्ट टेक्नोलॉजी देखने के साथ-साथ मैन्युफैक्चरर्स से सीधे संवाद कर एक ही छत के नीचे बहुमूल्य व्यावसायिक अवसर हासिल कर रहे हैं।

# एशियन जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप 2026 हुई शुरू

दलजीत विक्की | लुधियाना
समर न्यूज़



सुखविंदर बिंद्रा को सम्मानित करते हुए। -समर न्यूज़

एशियन जूनियर सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप 2026 के उद्घाटन समारोह में सुखविंदर सिंह बिंद्रा, मेंबर एवं स्पेशल मेंबर/इनवाइट, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार, ने चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन पंजाब के प्रेसिडेंट अनुमित हीरा सोढ़ी और जनरल सेक्रेटरी नरिंदरपाल सिंह ने उन्हें सम्मानित किया। जानकारी के मुताबिक़ इस अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में 25 एशियाई देशों के लगभग 1000 खिलाड़ी और अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं। बिंद्रा ने सॉफ्ट टेनिस एसोसिएशन पंजाब, एशियन सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन और सॉफ्ट टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। आखिर में, बिंद्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कैबिनेट मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार को उनकी दूर की सोच और युवाओं को मजबूत बनाने की मुहिम के लिए धन्यवाद दिया।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्याः CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 154